पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राष्ट्रपति से मिले राज्यपाल राम नाईक

इलाहाबाद उच्च न्यायालय में रिक्त न्यायाधीशों के पद शीघ्र भरे जाने का अनुरोध

लखनऊः 30 अगस्त, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी से भेंट कर इलाहाबाद उच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय लखनऊ पीठ में न्यायाधीशों के स्वीकृत 160 पदों के सापेक्ष केवल 77 पदों पर न्यायाधीश होने के तथ्य से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों के 83 पद रिक्त होने से न्यायिक कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। राज्यपाल ने राष्ट्रपति से यह भी अनुरोध किया है कि न्यायिक प्रक्रिया में हो रही देरी एवं वादियों की परेशानी के दृष्टिगत अपने स्तर से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए यथाशीघ्र उचित प्रयास करें।

श्री नाईक ने कहा कि बड़ी संख्या में न्यायाधीशों के पद रिक्त होने से लम्बित वादों की सुनवाई एवं निस्तारण न हो पाने के साथ नये मुकदमें योजित होने के कारण लम्बित वादों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। मुकदमों के समय से निस्तारण न हो पाने के कारण वादियों को भी काफी परेशानी उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि अवध बार एसोसिएशन के माध्यम से मेरे संज्ञान में लाया गया है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के कोलेजियम द्वारा न्यायाधीशों की नियुक्ति हेतु अपनी संस्तुति पूर्व में भेजी जा चुकी है।

राज्यपाल आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी द्वारा आयोजित इण्डियन रेडक्रास सोसायटी एवं सेंट जाॅन एम्बुलेन्स इण्डिया की वार्षिक आम सभा में सम्मिलित होने गये थे। ज्ञातव्य है कि राष्ट्रपति इण्डियन रेडक्रास सोसायटी के पदेन अध्यक्ष होते हैं और सभी प्रदेशों के राज्यपाल अपने-अपने प्रदेश में रेडक्रास सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष होते हैं।

राज्यपाल ने दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली एवं केन्द्रीय शहरी विकास एवं आवास मंत्री श्री वेंकैया नायडू से भी भेंट की।

अंजुम/ललित/राजभवन (308/38)